महत्वपूर्ण एवं खास

ट्रक ने 5 बड़ी गाड़ियों व 6 छोटी गाड़ियों को मारी टक्कर

कोरबा (आरएनएस)। टीवीएस शोरूम के पीछे एसबीआई बैंक के पास इंदिरा विहार में लोग उस वक्त दहशत में आ गए। जब एक ट्रक ने 5 बड़ी गाडिय़ों को तथा 6 छोटी गाडिय़ों को टक्कर मार दी। आपको बता दें कि इस घटना में इंदिरा विहार के लोगों को काफी नुकसान हुआ है। बताया जा रहा है कि जिस ट्रक क्रमांक सीजी।15डीएल-0334 ने गाडिय़ों को टक्कर मारी है वह अवैध रेत से भरी हुई है। बताया जा रहा है कि अवैध रेत को ठिकाने तक ले जाने के दौरान यह हादसा हो गया। इंदिरा विहार के लोग बताते हैं कि पिछले कई दिनों से इस क्षेत्र में भारी वाहनों का आना-जाना काफी बना हुआ है। इंदिरा विहार रिहायशी कॉलोनी है। जहां बच्चे घर से बाहर ऐसे ही घूमते रहते हैं। ऐसे में लोगों की सुरक्षा अब खतरे में पड़ गई है।

नशे में वाहन चला रहे लोग, 65 वाहन चालकों पर हुई कार्यवाई

कोरबा (आरएनएस)। अवैध नशे के खिलाफ निजात अभियान की तर्ज पर सडक़ दुर्घटना के नियंत्रण के लिए एसपी संतोष सिंह ने हिफाजत अभियान शुरू किया है। इसमें सडक़ों पर होने वाली दुर्घटनाओं को रोकने के लिए जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। इसमें नशे में वाहन न चलाने, वाहनों के पूरे दस्तावेज रखने, यातायात नियमों का पालन करने, हेलमेट व सीट बेल्ट लगाकर वाहन चलाने जैसी सीख दी जा रही है। साथ ही यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों के खिलाफ कार्रवाई भी की जा रही है। सडक़ दुर्घटनाओं का प्रमुख कारण शराब पीकर वाहन चलाना पाया गया है। इसके आधार पर सडक़ पर ऐसे वाहन चालक जो शराब पीकर वाहन चलाते हैं, उनके खिलाफ कड़ी कार्रवाई का निर्देश यातायात पुलिस के साथ ही सभी थाना-चौकी पुलिस को दिया है।

युवक से लूटपाट, बाइक सवार तीन युवकों ने दी वारदात को अंजाम

रायपुर (आरएनएस)। भनपुरी स्थित बेस्ट प्राइज के पास बाइक सवार अज्ञात तीन युवकों ने एक युवक पर नुकीली चीज से मारकर मोबाइल और नकदी 1100 रुपए लूट लिए। प्रार्थी की शिकायत पर खमतराई पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार बीरगांव उरला निवासी प्रार्थी प्रदीप साहू 20 वर्ष पैदल अपने घर जा रहा था। तभी भनपुरी के बेस्ट प्राइज के पास बाइक सवार अज्ञात तीन युवक ने उसका रास्ता रोककर नुकीली चीज से हमला कर मोबाइल, नकदी रकम व अन्य कागजात लूट लिए। प्रार्थी की शिकायत पर खमतराई पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

बार के बाहर खड़ी कार पार

रायपुर (आरएनएस)। मैना बार चंगोराभाठा के पास खड़ी कार को अज्ञात चोर ने पार कर दिया। प्रार्थी की शिकायत पर डीडीनगर पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार गायत्री नगर अवंतिविहार निवासी प्रार्थी डॉ.भूपेन्द्र गाठे 40 वर्ष अपनी कार क्रमांक सीजी 04 एलसी 9910 को मैना बार के पास खड़ी किया था, तभी अज्ञात चोर ने पार कर दिया। चोरी गए कार की कीमत करीब 3 लाख रुपए के आसपास बताई जा रही है। प्रार्थी की शिकायत पर डीडीनगर पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

दुकान का ताला तोड़कर चोर ने लगाई आग

रायपुर (आरएनएस)। कुशालपुर स्थित डेली निड्स दुकान का ताला तोडक़र अज्ञात आरोपी ने आग लगाकर सामान पार कर दिया। प्रार्थी की शिकायत पर डीडीनगर पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार चांदनी चौक नेहरूनगर निवासी एजाज अली 24 वर्ष ने थाना में शिकायत किया कि वह कुशालपुर में डेली निड्स दुकान चलाता है। बताया जाता है कि बीती रात अज्ञात चोर ने उसके दुकान का ताला तोडक़र दुकान में रखे सामान पार कर दिया और आग लगा दिया।

उच्च शिक्षामंत्री उमेश पटेल ने 59.45 लाख रुपए के विभिन्न कार्यों का किया लोकार्पण एवं भूमिपूजन

- **किसानों, श्रमिकों, महिलाओं को आर्थिक सशक्तिकरण से जोड़ रही है हमारी योजनाएं : उमेश पटेल**
- **खरसिया विकासखण्ड के विभिन्न गांवों के दौरे पर पहुंचे उच्च शिक्षामंत्री पटेल**

रायगढ़। उच्च शिक्षा मंत्री उमेश पटेल आज खरसिया विकासखंड के आड़पथरा, पामगढ़, छोटे डूमरपाली, बड़े डूमरपाली एवं चपले ग्रामों के दौरे पर रहे। इस दौरान उन्होंने ग्रामीणों को विभिन्न विकास कार्यों की सौगात देते हुए 59 लाख 45 हजार रुपये के विभिन्न कार्यों का लोकार्पण एवं भूमिपूजन किया। इस दौरान जिला पंचायत अध्यक्ष निराकार पटेल भी उपस्थित रहे।

उच्च शिक्षामंत्री उमेश पटेल ने गांवों में जनसंपर्क के दौरान ग्रामवासियों को संबोधित करते हुये कहा कि शासन की योजनाएं ग्रामीण गांवों में निवास करने वाले किसान, भूमिहीन, आदिवासी, महिला, युवा एवं बच्चों के विकास पर केंद्रित है तथा उन्हें आर्थिक सशक्तिकरण से जोड़ रही है। उन्होंने कहा कि किसानों के हित में कर्ज माफी किया गया। इसके साथ ही फसलों के लिए आदान सहायता देने से आज किसानों के हाथ में पैसे बच रहे है, जिससे वे आर्थिक रूप से सशक्त हो रहे है। शासन द्वारा ग्रामीण व आदिवासी अंचलों में निवासरत वनोपज संग्राहक परिवारों के आमदनी के प्रमुख स्रोत को ध्यान में रखते हुए विभिन्न वनोपज को समर्थन मूल्य में खरीदी के दायरे में शामिल कर दामों में वृद्धि की गयी। इसके साथ ही अब भूमिहीन कृषि मजदूरों के लिए योजना शुरू की गई है। जिससे भूमिहीन परिवारों को सालाना 7 हजार रुपये राशि प्रदाय की जा रही है। इस दौरान विभिन्न ग्रामवसियों की समस्याओं से वे अवगत हुए तथा जल्द उसका निराकरण करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए।

छत्तीसगढ़ में शिक्षा के क्षेत्र में सभी वर्ग को समान अवसर दिलाने के लिए शासन द्वारा आज स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम स्कूल खोले गये है। अंग्रेजी माध्यम स्कूल में बच्चों को पढ़ाने का पालकों का सपना भी पूरा हो रहा है। इन स्कूलों में पढऩे वाले बच्चों में आत्मविश्वास देखने को मिल रहा है। इस दौरान पामगढ़ के स्कूली बच्चों ने भी उच्च शिक्षामंत्री पटेल से मुलाकात की। उच्च शिक्षामंत्री पटेल ने बच्चों को उनके उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी।

इन कार्यों का हुआ लोकार्पण एवं भूमिपूजन- उच्च शिक्षामंत्री पटेल ने आज 53 लाख 95 हजार रुपये की लागत से 14 विभिन्न कार्यो का लोकार्पण एवं 5 लाख 50 हजार रुपये की लागत से दो कार्यों का भूमिपूजन किया। इनमें ग्राम चपले में 2 लाख रुपये की लागत से पचरी निर्माण, 14 लाख रुपये की लागत से महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना अंतर्गत सीसी रोड निर्माण, 4 लाख रुपये की लागत से नाली निर्माण, 1.20 लाख रुपये की लागत से पचरी निर्माण तथा बड़े डूमरपाली में 19 लाख 35 हजार रुपये की लागत से 3 आंगनबाड़ी भवन, 3 लाख रुपये की लागत से दो इंटरलॉकिंग टाईल्स रोड, 75 हजार रुपये की लागत से चबुतरा निर्माण, 6 लाख 50 हजार रुपये की लागत से वर्मी टांका निर्माण एवं ग्राम-आडपथरा में 75 हजार रुपये की लागत से चबुतरा निर्माण मुख्य बस्ती में एवं 2 लाख 40 हजार रुपये की लागत से दो चबुतरा निर्माण कार्य शामिल है। इसी तरह ग्राम बड़े डूमरपाली में 4 लाख 50 हजार रुपये की लागत से सामुदायिक शौचालय एवं 1 लाख रुपये की लागत से पानी टंकी निर्माण का भूमिपूजन कार्य शामिल है।

कोतरा रोड पुलिस के हाथ आया शातिर बाइक चोर

- **पान ठेले के पास खड़ी बाइक को चोरी कर फरार हुआ था आरोपी**
- **सक्रिय सूचनातंत्र पर अपराध पंजीबद्ध के 24 घंटे के भीतर चोरी बाइक बरामद**

रायगढ़। वाहन चोरी की सूचना पर कोतरारोड़ पुलिस द्वारा तत्काल कार्यवाही करते हुए मुखबिरों को सक्रिय कर अपराध कायनी के 24 घंटे के भीतर शातिर चोर से चोरी गया प्लेटिना बाइक बरामद किया गया है, शातिर चोर पान ठेले के पास खड़ी मोटरसाइकिल को दोपहर के समय डायरेक्ट कर स्टार्ट किया और चलाते अपने घर ले जाकर छिपा दिया था जिसे पुलिस आज बरामद कर वाहन चोरी के अपराध में आरोपी को न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है।

जानकारी के अनुसार थाना कोतरारोड़ अंतर्गत ग्राम हरदी झरिया में रहने वाला गेंद लाल यादव कल 16 जनवरी को थाना कोतरारोड में आकर रिपोर्ट दर्ज कराया कि कल जिंदल स्टील पावर प्लांट में पेंटिंग का काम करने अपनी नई बजाज मोटरसाइकिल प्लैटिना सीजी 13 AQ 6726 से आया था। मोटरसाइकिल को कैलाश पान ठेला एसटीपी बैरियर के पास खड़ी कर प्लांट अंदर गया, दोपहर करीब 3-4 बजे बाहर आकर देखा तो पान ठेला के पास खड़ी उसकी मोटरसाइकिल नहीं थी, कोई अज्ञात व्यक्ति चोरी कर ले गया था। वाहन चोरी की रिपोर्ट पर कोतरारोड पुलिस द्वारा अज्ञात आरोपी पर वाहन चोरी का अपराध दर्ज किया गया।

थाना प्रभारी कोतरारोड उपनिरीक्षक गिरधारी साव अपराध पंजीबद्ध के तत्काल बाद हमराह स्टाफ के साथ तस्दीकी, विवेचना के लिए मौके पर गए रिपोर्टकर्ता एवं घटनास्थल पर मौजूद लोगों से पूछताछ कर मुखबिरों को सक्रिय कर अपने स्टाफ को माल मुलजिम पतासाजी के लिए अलग-अलग कार्य सौंपा गया। सटिक सक्रिय मुखबिर तंत्र के जरिए थाना प्रभारी को वाहन चोरी में कलमीडिपा कोतरारोड़ के विजय सारथी के संबंध में सूचना मिला। सूचना पर तत्काल संदेही विजय सारथी को पुलिस हिरासत में लेकर पूछताछ करने पर आरोपी बताया कि दोपहर करीब 3:15 मोटरसाइकिल को पान ठेला के पास खड़ा देखा और जाकर चेक किया तो उसमें लॉक नहीं लगा था जिसके तार को डायरेक्ट कर चालू किया और छिपते हुए चोरी कर अपने घर में ले जाकर छिपा दिया जिसे बेचने ग्राहक तलाश कर रहा था। कोतरारोड़ पुलिस द्वारा आरोपी के अपराध स्वीकार पर आरोपी के मेमोरेंडम पर उसके घर के परछी में छुपा हुआ प्लेटिना बाइक CG 13AQ 6726 कीमती रु.55000 को जप्त कर आरोपी विजय सारथी पिता सुरेश सारथी उम्र 23 वर्ष निवासी कलमीडिपा थाना कोतरारोड़ रायगढ़ को आज न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है।

एसएसपी अभिषेक मीणा के दिशा निर्देशन, एडिशनल एसपी संजय महादेवा के मार्गदर्शन तथा कोतरारोड़ थाने की सुपरविजन अधिकारी डीएसपी निकिता तिवारी के नेतृत्व में माल मुलजिम पतासाजी की त्वरित कार्यवाही में थाना प्रभारी कोतरारोड़ उपनिरीक्षक गिरधारी साव के साथ सहायक उप निरीक्षक राजेंद्र राठौर, एएसआई कमल सिंह राजपूत, प्रधान आरक्षक थाना यातायात प्रेम सिदार, आरक्षक संदीप कौशिक, गोविंद पटेल, देव कुमार सोनवानी, कमलेश यादव की अहम भूमिका रही है।

अध्यक्ष राज्य वित्त आयोग छत्तीसगढ़ सरजिंयस मिंज का दौरा कार्यक्रम

रायगढ़। अध्यक्ष राज्य वित्त आयोग छत्तीसगढ़ सरजिंयस मिंज आगामी 19 एवं 20 जनवरी को दो दिवसीय रायगढ़ एवं सारंगढ़ जिले के प्रवास पर रहेंगे। प्रवास के दौरान मिंज आयोग द्वारा रायगढ़ तथा सारंगढ़ जिलों के स्थानीय निकाय के प्रतिनिधियों के साथ चर्चा कर सुझाव प्राप्त करेंगे। इस दौरान राज्य वित्त आयोग के सचिव सतीश पाण्डेय, संयुक्त सचिव डॉ.जे. एस.विरदी, अनुसंधान अधिकारी सुश्री पायल गुप्ता, निज सचिव एम.एन. राजुरकर एवं अमित पंसारी भी साथ में उपस्थित रहेंगे। निर्धारित दौरा कार्यक्रम के अनुसार अध्यक्ष राज्य वित्त आयोग छत्तीसगढ़ सरजिंयस मिंज 19 जनवरी को पूर्वान्ह 8 बजे रायपुर से प्रस्थान कर दोपहर 1 बजे विश्राम गृह सारंगढ़ आयेंगे एवं अपरान्ह 3 से शाम 5 बजे तक सारंगढ़ जिले के नगरीय निकाय के प्रतिनिधियों के साथ बैठक में भाग लेंगे। तत्पश्चात मिंज शाम 5 बजे रायगढ़ के लिए प्रस्थान करेंगे एवं रात्रि 7 बजे विश्राम गृह रायगढ़ आयेंगे। मिंज 20 दिसम्बर को प्रात: 10 से 11.30 बजे तक रायगढ़ जिले के पंचायती राज प्रतिनिधियों के साथ बैठक में भाग लेंगे। मिंज दोपहर 12 बजे से 1.30 बजे तक रायगढ़ जिले के नगरीय निकाय प्रतिनिधियों के साथ बैठक में भाग लेंगे। शाम 4 बजे नगर पंचायत सरिया के जनप्रतिनिधियों के साथ बैठक लेंगे एवं शाम 5 बजे रायपुर हेतु प्रस्थान करेंगे।

स्वास्थ्य केंद्र सारंगढ़ में शुरू हुआ सिजेरियन प्रसव

सारंगढ़-बिलाईगढ़। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सारंगढ़ में सिजेरियन प्रसव का कार्य प्रारंभ हुआ ही था कि नव जिला गठन के साथ ही स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ का स्थानांतरण जशपुर जिला हो गया। कलेक्टर डॉ.फरिहा आलम के निर्देश पर मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.एफ. आर.निराला के मार्गदर्शन में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सारंगढ़ में एक बार फिर सिजेरियन प्रसव कराने का कार्य होने लगा। आज सिजेरियन प्रसव डॉ.आर.एल सिदार (सर्जरी विशेषज्ञ), डॉ.राकेश साहू (सर्जरी विशेषज्ञ), डॉ भागेश पटेल (निश्चेतना विशेषज्ञ), डॉ रामजी शर्मा (चिकित्सा अधिकारी) की टीम द्वारा सफलतापूर्वक किया गया। उक्त सुविधा होने से क्षेत्रवासियों को जटिल प्रसव के लिए रायगढ़, उड़ीसा जाना नहीं पड़ेगा जिससे समय एवं धन की बचत होगी, साथ ही जान-माल की हानि होने की संभावना नहीं रहेगी। सिजेरियन प्रसव हेतु 16 जनवरी 2023 को जिला कार्यक्रम प्रबंधक नंदलाल इजारदार के द्वारा ऑपरेशन थिएटर एवं अन्य आवश्यक उपकरण व सामग्रियों को व्यस्थित कराया गया। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी व जिला कार्यक्रम प्रबंधक ने क्षेत्रवासियों को समस्त प्रकार के प्रसव शासकीय अस्पताल में कराने हेतु अपील की।

ग्राम मिड़मिड़ा और डूमरपाली में जूटमिल पुलिस द्वारा चौपाल लगाकर किया गया रहवासियों को अपराधों से जागरूक

रायगढ़। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक रायगढ़ के दिशा निर्देशन पर पुलिस चौकी जूटमिल द्वारा आज ग्राम मिड़मिड़ा और डूमरपाली में पुलिस जन चौपाल लगाकर ग्रामीणों को साइबर ठगी, संपत्ति संबंधी अपराध, महिला एवं बाल अपराधों समेत विविध अपराधों से जागरूक कर शराब से दूर रहने और शराब की सूचनाएं देकर अवैध शराब विक्रेताओं पर कार्यवाही कराने ग्रामीणों को प्रेरित किया गया। चौपाल में उपस्थित साइबर सेल/ चौकी जूटमिल प्रभारी सब इंस्पेक्टर कमल किशोर पटेल, सहायक उपनिरीक्षक शशि देव भोई द्वारा द्वारा रहवासियों को वर्तमान में हो रहे विविध प्रकार के साइबर ठगी, फेक कॉल,एटीएम क्लोनिंग, मोबाइल टावर लगाने, लॉटरी- इनामी कूपन का झांसा देकर ठगी के संबंध में जानकारी देकर रहवासियों को किसी भी अनजान व्यक्तियों को मोबाइल पर बैंक अथवा निजी जानकारी देने से मना किया। उनके द्वारा रहवासियों को उनके बच्चों को शिक्षित करने तथा नशे से दूर रहने कहा गया और बाल अधिकारों एवं अपराधों के संबंध में जानकारी देकर सचेत कर बताया गया कि नाबालिक पर होने वाले अपराध में कानून बेहद सख्त है। चौकी प्रभारी द्वारा गांव में किसी भी प्रकार के अवैधानिक कृतियों की सूचनाएं पुलिस को देने ग्राम प्रमुखों को प्रेरित किया और बताएं कि उनके द्वारा दी गई सूचना पर पुलिस त्वरित कार्यवाही करेगी। चौकी प्रभारी द्वारा स्वयं का तथा बीट पुलिसकर्मियों के नंबर गांववालों से साझा कर किसी भी समस्या आने पर तत्काल कॉल कर सूचना देने कहा गया है। चौपाल में ग्राम पंचायत डूमरपाली के सरपंच डमरू तनुजा यादव एवं पंचगण, मिड़मिड़ा सरपंच गुलपी, पंचगण, बीडीसी, पुलिस चौकी जूटमिल प्रभारी कमल किशोर पटेल, सहायक उप निरीक्षक शशि देव भोई के साथ हमराह स्टाफ एवं काफी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित थे।

पिता के साथ जा रहा था केक लेने, हादसे में दोनों की मौत

कोरबा | आरएनएस

कटघोरा नगर में जन्मदिन पर 5 साल का पुत्र पिता के साथ बाइक से केक लेने जा रहा था, इसी दौरान उसकी बाइक स्कूटी से टकरा गई। हादसे में घायल दोनों पिता-पुत्र की मौत हो गई। घटना सोमवार की दोपहर हुई।

कसनिया में बार महोत्सव में शामिल होने के लिए कुगदा निवासी अजय पटेल परिवार के साथ वहां रहने वाले रिश्तेदार के यहां आया था। 5 वर्षीय पुत्र हिमांशु का जन्मदिन होने पर वह उसे बाइक पर बैठाकर केक लेने के लिए कटघोरा नगर जा रहा था। उसी दौरान रास्ते में बाइक और स्कूटी की आमने सामने की टक्कर हो गई। घटना में बाइक सवार पिता-पुत्र गंभीर रूप से घायल हो गए। स्कूटी सवार भी घायल हुआ, सभी को अस्पताल भर्ती कराया गया। रिश्तेदारों ने अजय व उसके पुत्र हिमांशु को कटघोरा नगर के निजी अस्पताल में दाखिल कराया, जहां से उन्हें कटघोरा सरकारी अस्पताल भेज दिया गया। डॉक्टर ने परीक्षण उपरांत दोनों को मृत घोषित कर दिया। पिता-पुत्र की मौत से आक्रोशित होकर रिश्तेदारों व ग्रामीणों ने नगर में चक्काजाम कर दिया। मौके पर पुलिस व प्रशासन के अधिकारी पहुंचे। उन्होंने मृतक पिता-पुत्र के परिजन को शासन की ओर से सहायता राशि मिलने का आश्वासन देकर चक्काजाम समाप्त कराया।

ओवर स्पीड प्रमुख कारण

पुलिस ने कटघोरा में हुए दुर्घटना का कारण ओवर स्पीड बताया है। प्रारंभिक जांच में दोनों दोपहिया वाहन के ओवर स्पीड चलने की वजह से टक्कर होना पाया गया। एक ओर सडक़ सुरक्षा सप्ताह में पुलिस लोगों को सडक़ पर सुरक्षित रहने के लिए जागरूक कर रही है तो दूसरी ओर लोग वाहन चलाते समय यातायात नियमों का पालन नहीं कर रहे हैं। जिस कारण सडक़ हादसे हो रहे हैं।

SJU - Contact No. +91 9301915303
E-mail ID- sjunion29@gmail.com
Social Justice Union
Registered with Govt. No. 5526
Join SJU
अधिकार से न्याय तक

आवश्यकता
इस संघ का गठनसम्पूर्ण छत्तीसगढ़ में पीड़ितो को न्याय दिलाने के लिए किया गया है, जिसे छत्तीसगढ़ शासन से मान्यता प्राप्त है, जिसका क्रमांक 5526 है, तथा सम्पर्क हेतु नं0 9301915303 है। इस संघ के गठन पर संघ के संरक्षक एवं लीगल एडवाईज़र श्री तथागत श्रीवास्तव (अधिवक्ता, माननीय उच्च-न्यायालय), एवं गवर्निंग बोर्ड के सदस्यों कु0 सी.बी.वर्मा, श्रीमती ऐकता श्रीवास्तव, श्रीमती रजनी ठाकुन्डे एवं अन्य ने शासन को धन्यवाद ज्ञापित किया, और कहा कि संघ के पास सामाजिक अन्याय अथवा मानवाधिकार हनन सम्बंधी तथ्य के प्रस्तुत होने पर, उसे लिखित में शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन एवं सक्षम व्यक्तियों के समक्ष संघ की ओर से प्रस्तुत किया जावेगा। साथ ही, विधि, न्याय सम्बंधी कार्य हाथ में लेकर बेसहारा, गरीब, परित्यक्ता, विधवाओं के उत्थान के लिए कार्य किया जावेगा।

उद्देश्य एवं नियुक्तियां
मुख्य रूप से संघ का उद्देश्य छत्तीसगढ़ प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर में सामाजिक न्याय हेतु प्रचार-प्रसार करना, तथा मानवाधिकार हेतु जागरूकता पैदा करना है। संघ साक्षरता एवं अनौपचारिक शिक्षा के माध्यम से मानवाधिकार के सम्बंध में प्रचार प्रसार करना चाहता है। इस हेतु प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर पर सामाजिक न्याय एवं मानवाधिकार संरक्षण केन्द्र की स्थापना की जावेगी, और उनमें संघ के द्वारा आधिकारिक नियुक्तियां की जावेंगी। प्रत्येक व्यक्ति इस संघ में सदस्य बन सकता है, जिसके लिए संघ के द्वारा निर्धारित नियम एवं शर्तों का पालन किया जाना अनिवार्य है। इस हेतु सदस्यता फार्म संघ के प्रधान कार्यालय में उपलब्ध है।

मुख्य बिन्दु
प्रताड़ित एवं पीड़ित व्यक्ति की समस्याओं को सुनना, आवेदन लेना तथा पीड़ित को न्याय दिलाने के लिए उचित साधन एवं संसाधनों की जरूरत के अनुसार व्यवस्था करना मूल रूप से इस संघ का कार्य है। पीड़ित व्यक्तियों को न्यायिक, गैर-न्यायिक एवं सामाजिक समस्या पर विधिनुसार एवं संविधान के अनुसार आवश्यक मदद की जावेगी।

पीड़ित संपर्क करें
संघ विशेष रूप से मानवाधिकार दिलाने एवं सामाजिक न्याय प्राप्ति हेतु पीड़ित मानव की हर संभव मदद करेगा तथा इस हेतु पीड़ित मानव के लिए भारतीय संविधान के तहत् विधिक सहायता की व्यवस्था आवश्यकतानुसार करेगा। यदि कोई पीड़ित है तो इस संघ से सम्पर्क कर सकता है।

अन्य बिन्दु
- संघ पर्यावरण संरक्षण एवं पर्यावरण सम्बंधी चेतना हेतु भी जागरूकता लाने का प्रयास करेगा।
- पूरे छत्तीसगढ़ प्रदेश में महिलाओं के अधिकार, श्रमिकों के अधिकार, आदिवासियों के अधिकार, अनुसूचित जाति-जनजातियों के अधिकारों के सम्बंध में विधिक एवं संवैधानिक तौर के कार्यक्रमों को इस संघ द्वारा संचालित किया जावेगा तथा प्रत्येक पीड़ित को उसके कर्तव्यों एवं अधिकारों के बारे में सचेत किया जावेगा। न्याय प्राप्ति हेतु हर संभव मदद की जावेगी।
- संघ शासन से मान्यता प्राप्त है, अतः शासन एवं प्रशासन में विभिन्न पदों पर आसीन् तक पीड़ित की परेशानी को आसानी से पहुँचाया जा सकता है। इस हेतु संघ शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन व्यक्तियों से मुलाकात कर पीड़ित को न्याय दिलाने में समस्त सहायता भी करेगा।
- संघ द्वारा संवैधानिक शिक्षा एवं सामाजिक विकास से सम्बंधित रिसर्च कार्यक्रम किए जावेंगे, एवं समान उद्देश्यों वाली अंतर्राष्ट्रीय, राष्ट्रीय, सरकारी तथा गैरसरकारी संस्थाओं के साथ मिलकर काम किया जावेगा।
- संघ सामाजिक कुरीतियों को दूर करने के लिए कार्यशाला का आयोजन भी करेगा। संघ देश के भूले बिसरे पर महान विभूतियों के सम्मान में कार्यक्रम भी आयोजित कराएगा।

पढ़िए .... न्यायसाक्षी समाचार-पत्र
:: Address ::
Behind Stadium
Near Career
School, Raigarh,
C.G.
Pin 496001

www.nyaysakshi.com

सभी से अपील की गई है कि ज्यादा से ज्यादा संख्या में संघ से जुड़कर साथ का साथ दिया जावे ताकि प्रत्येक पीड़ित मानव को न्याय मिल सके एवं एक अच्छे समाज का निर्माण हो सके।
Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU

किसान बना तेंदुए का शिकार, खेत में काम करते समय किया हमला, गर्दन दबोचकर ले ली जान

मनेंद्रगढ़ | आरएनएस

छत्तीसगढ़ के मनेंद्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर जिले में तेंदुए ने एक किसान की जान ले ली। खेत में काम कर रहे अधेड़ किसान पर तेंदुए ने हमला किया और गर्दन दबोचकर उसे मार डाला। मामला जिले के जनकपुर इलाके का है जहां एक महीने के अंदर तेंदुए के हमले की यह तीसरी घटना है। इससे पहले 3 जनवरी व 24 दिसंबर को भी तेंदुए के हमले से अलग अलग गांव में दो की मौत हो गई थी। घटना के वन विभाग की टीम तेंदुए का लोकेशन सर्च करने में लगा हुआ है।

मिली जानकारी के अनुसार रविवार शाम को जनकपुर निवासी रनबदन अपने खेत में काम कर रहा था। वह खेत में अपने फसल की रखवाली करने पहुंचा था। इस दौरान अचानक वहां एक तेंदुआ पहुंच गया और उस पर हमला कर दिया। इस समय खेत के आसपास कोई नहीं था। तेंदुए ने रामबदन के गर्दन को दबोचकर उसकी जान ले ली थी। कुछ घंटों बाद ग्रामीण खेत के पास पहुंचे तो उन्हें रामबदन का शव मिला। इसक बाद इसकी सूचना वन विभाग को दी गई। मौके पर पहुंची वन विभाग की टीम ने शव को पीएम के लिए भेजा।

लगातार हमलों के बाद भी वनविभाग को नहीं मिल रहा तेंदुआ

जिले में तेंदुआ लगातार ग्रामीणों को अपना शिकार बना रहा है। वन विभाग द्वारा तेंदुए को सर्च करने के लिए जंगल कई जगह कैमरे लगाए लेकिन उसे ट्रेस नहीं किया जा सका है। वन विभाग ने तेंदुए को पकडऩे के लिए पिंजरे भी लगवाए हैं लेकिन वह पकड़ में नहीं आ रहा है। पिछले दिनों जंगल पहुंची विशेषज्ञों की टीम ने तेंदुए को लेकर कहा था कि वह आदमखोर नहीं है। इसके बाद भी तेंदुआ कभी भी गांव पहुंच जाता है और लोगों पर हमला कर भाग जाता है।

2 भालुओं ने 3 बच्चों पर किया हमला, तीनों का इलाज जारी, 1 की हालत गंभीर

पेंड्रा-गौरेला-मरवाही (आरएनएस)। जिले के ग्राम कुम्हारी में भालू के हमले से तीन बच्चे घायल हो गए हैं. मरवाही से सटे जंगलों के गांवों में भालुओं के हमले लगातार होते रहे हैं. भालू के काटने से 2 बच्चों का प्राथमिक उपचार मरवाही सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में कराया जा रहा है. वहीं एक बच्चा भालू के हमले से गम्भीर रूप से घायल हो गया है, जिसे डॉक्टरों ने तत्काल बिलासपुर रिफर कर दिया है। मिली जानकारी अनुसार, मरवाही वन परिक्षेत्र के ग्राम कुम्हारी निवासी शिवराज, उमेश और परसराम दो भालुओं के हमले से गंभीर रूप से घायल कर दिया. भालुओं के हमले से घायल बच्चों को आसपास के लोगों की मदद से तत्काल प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र मरवाही भेजा गया. जहां उनका इलाज किया जा रहा है. वहीं एक बच्चें को भालू के काटने से खून ज्यादा बह जाने से बिलासपुर भेजा गया।